# चित्रकूट के दीपावली मेले में 35 लाख से अधिक ने दर्ज कराई आमद

## मां मंदाकिनी में किया स्नान और दीपदान, कामतानाथ के किए दर्शन और की परिक्रमा





**नवभारत न्यूज**

**सतना, 22 अक्टूबर. सतना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चित्रकूट में 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित हुये पांच दिवसीय दीपावली मेला का बुधवार को समापन हो गया है। इस बार आयोजित पांच दिवसीय मेले में देश के कोने-कोने से लगभग 35 लाख से अधिक श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचे।**

श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कामतानाथ स्वामी के दर्शन कर परिक्रमा की और गुप्त गोदावरी, हनुमानधारा, सती अनुसुइया सहित चित्रकूट के धार्मिक महत्व के स्थलों के दर्शन किए। दीपावली मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर दीपदान भी किया। मेला समापन अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने विकास प्राधिकरण के कार्यालय में दीवाली मेले में तैनात समस्त अधिकारियों और प्रभारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और मेले के सफलतापूर्वक संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के कुशल निर्देशन में चित्रकूट में आयोजित मेला व्यवस्थित रूप से सफलता पूर्वक संपन्न हो गया है। चित्रकूट में दोनो ही अधिकारियो की उपस्थिति और निगरानी से चित्रकूट के प्रत्येक प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओ को सुगमता पूर्वक दर्शन और परिक्रमा करने में कोई असुविधा नही हुई। रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद और आईजी गौरव राजपूत भी चित्रकूट के पांच दिवसीय दीपावली मेले की प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखे हुए थे। चित्रकूट मेला में श्रद्धालुजनों के पेयजल, पार्किंग, आश्रय विश्राम, खान-पान, चिकित्सा, साफ-सफाई, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध के साथ-साथ पूरी धार्मिक नगरी में की गई आकर्षक विद्युत सजावट को प्रशंसा और सराहना मिली। मां मंदाकिनी नदी के घाट और प्रमुख स्थलों पर निरंतर साफ सफाई व्यवस्था से मेले का प्राकृतिक सौन्दर्य बना रहा। मेला समापन अवसर पर प्रमुख स्थलों नदी घाट, मंदिर परिसर, पार्किंग और आश्रय स्थल की साफसफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। दीपावली मेले में 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन से ही बडी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचने लगे थे। चित्रकूट दीपावली मेले के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चित्रकूट आये और उन्होंने आरोग्य धाम के पंचवटी घाट में दीपदान कर प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनायें भी दी। चित्रकूट दीपावली मेले में जगह-जगह श्रद्धालुओं के रात्रि में विश्राम के लिए अस्थाई आश्रय स्थल बनाये गये थे। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रशासन की सभी व्यवस्थाओं के साथ ही भगवान कामतानाथ स्वामी के लाइव दर्शन के साथ ही रामायण सीरियल और धार्मिक कथाओं को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। चित्रकूट दीपावली मेला में प्रशासनिक अमले की सहज पहचाने के लिए कलेक्टर से लेकर अधिकारी-कर्मचारियों तक ने नीली ड्रेस कोड का अंग वस्त्र भी पहन रखा था। श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी मां गंगा में स्नान कर कामदगिरी की परिक्रमा और भगवान कामतानाथ स्वामी के सुलभ दर्शन प्राप्त किये।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप इस बार जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश के हिस्से के चित्रकूट को आकर्षक धार्मिक नगरी की तरह सजाया गया था। दीपावली मेले में प्रतिदिन भरत घाट पर मां मंदाकिनी नदी की संध्या आरती का सुरूचि पूर्ण आयोजन किया गया। दीपावली के दिन सर्वाधिक संख्या में लगभग 12 लाख श्रद्धालुओं ने चित्रकूट पहुंचकर दीपदान, मंदाकिनी गंगा स्नान, कामदगिरी की परिक्रमा, कामतानाथ स्वामी के दर्शन, गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा, सती अनुसुइया सहित अनेक धामिक स्थलों के दर्शन किये।

मध्यप्रदेश के हिस्से में चित्रकूट में की गई शानदार व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं की संख्या बढी। इस बार के दीपावली मेला चित्रकूट में श्रद्धालुओं की सुविधा और साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, आश्रय, सुरक्षा, प्रशाधन, चिकित्सा, पार्किंग, खानपान और सुगमता से परिक्रमा मंदिर दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा किये गये प्रबंधों तथा डयूटी पर तैनात कर्मियों का सेवा भाव कर्तव्यों का निर्वहन को चतुर्दिक सराहना मिल रही है।

### सुरक्षा के मजबूत प्रबंध



कई दशकों के बाद मध्यप्रदेश का चित्रकूट जिला प्रशासन की विशेष तैयारी और श्रद्धालुओ की सुरक्षा चित्रकूट की सुन्दरता को ध्यान में रखते हुए की गई व्यवस्था तथा विभिन्न धार्मिक स्थलो पर प्रशासनिक अमले की 24 घण्टे तैनाती से पूरे चित्रकूट का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्वक आनंद से सरावोर रहा। चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर के समीप स्थित कन्या शाला के पास नारियल तोडने की मशीन भी लगाई गई थी और प्रत्येंक स्थल कें लिए साफ-सफाई की जिम्मेदारी जिले की नगर पंचायतों तथा समीपस्थ ग्राम पंचायतों को सौंपी गई थी।

### तैनात रही एसडीईआरएफ की टीम



चित्रकूट दीपावली मेला में 21 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे स्नान करते वक्त एक व्यक्ति अचानक गहरे पानी में चला गया जिसे बचाने उसके साथ महिला भी गहरे पानी में कूद पडी। दोनों को डूबते हुए देखकर घाट पर तैनात एसडीईआरएफकी मोटर वोट ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर युवक और महिला को सुरक्षित निकाला।

### सफाई का जिम्मा नगर पंचायतों को



दीपावली चित्रकूट के पांच दिवसीय मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजनों के चित्रकूट धाम पहुंचने और उनके प्रस्थान के बाद भी निरंतर साफ-सफाई की व्यवस्था के चलते मंदिर परिसर, परिक्रमा पथ, मां मंदाकिनी नदी के घाट, पार्किंग, आश्रय स्थल, आवागमन की सडकों पर स्वच्छता बनी हुई है। मेला समापन के अवसर पर अंतिम दिनों में भी प्रशासन का पूरा जोर साफ-सफाई व्यवस्था पर ही केन्द्रित रहा है।



## दीपावली पर सवा लाख भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना/मैहर, 22 अक्टूबर चित्रकूट दीपावली मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुजन चित्रकूट में दीपदान करने के पश्चात मैहर आकर मां शारदा देवी के दर्शन भी करते है।**

दीपावली मेला चित्रकूट के अवसर पर धनतेरस से ही मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ रही है। मोर पंख और पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित परिधानों ने श्रद्धालुजन नाचते-गाते मां शारदा देवी मंदिर पहुंच रहे हैं। दीपावली के तीसरे दिन बुधवार को 1 लाख 14 हजार 753 श्रद्धालुओं ने सुगमतापूर्वक मां शारदा देवी के दर्शन किये।

### मैहर जिले में आज भाईदूज को रहेगा स्थानीय अवकाश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गये थे। जारी आदेश के अनुसार 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा। कोषालय तथा बैंकों पर यह अवकाश लागू नहीं होंगे।

# धरमपुर गांव में पन्ना पुलिस पर जानलेवा हमला

## थाना प्रभारी व आरक्षक गंभीर रूप से घायल, पुलिस से हथियार भी छीने

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 22 अक्टूबर. पन्ना जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत धरमपुर में पुलिस दल के ऊपर अचानक माफियाओं के हमले से थाना प्रभारी व आरक्षक को गंभीर चोटें आई हैं. जिन्हें इलाज के लिए बिरला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

मिली जानकारी के अनुसार बृजपुर थाना पुलिस किसी वरदात की दप्तीश के लिए धरमपुर गांव पहुंची थी जहां अचालक ग्रामीणों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. इस घटना में बृजपुर थाना के प्रभारी महेन्द्र सिंह भदौरिया और कान्सटेविल गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू मौके पर पहुंची. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है अपुष्ट सूत्रों ने बताया कि हमलावरों ने पुलिस की दो रायफलें भी छीन ली हैं. फिलहाल गांव का माहौल तनावपूर्ण है वहां पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है. घटना की विस्तृत जानकारी के मुताबिक बृजपुर पुलिस धारा 105 बीएनएस के आरोपी पंचम यादव पिता शिवसिंह यादव को पकड़ने ग्राम धरमपुर गई थी. थाना प्रभारी के साथ 10 हमराही स्टाफ को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जो 40-50 की संख्या में थे घेर लिया. इस दौरान कुल्हाड़ी से किए गये वार से थाना प्रभारी भदौरिया व आरक्षक रामनिरंजन को गंभीर चोटें आईं. पुलिस के साथ मारपीट करने वाले ग्रामीणों की भीड़ में दो नग पुलिस रायफल भी छीन ली हैं. पुलिस ने इस घटना के लिए जिम्मेदार कुछ लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू की है. घटना की विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है.



### ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 8 दिसम्बर

**सतना 22 अक्टूबर.** डाकघर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान वर्ष 2025-26 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 8 दिसम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय मेरे आदर्श का पत्र लेटर टू माय रोल मॉडल निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है, जिसमे अठारह वर्ष तक तथा अठारह वर्ष के अधिक की दो श्रेणियां रखी गई है। इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र ( अधिकतम 500 शब्दों में ) एवं लिफाफ ( अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उपश्रेणियां रखी गई है।

# बेटे को बचाने गई मां की हत्या, बेटा घायल

## जमीन को लेकर चल रही थी पुरानी रंजिश, सिटी कोतवाली के तरहटी की घटना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अक्टूबर, रीवा शहर में महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. जमीनी विवाद के चलते पुरानी रंजिश में आरोपियों ने पहले युवक से मारपीट की और फिर बचाने पहुंची युवक की मां को बेदम पीटा. मारपीट में घायल हुए मां बेटे में से मां की जहां उपचार के दौरान मौत हो गई है तो वही बेटे का उपचार अभी जारी है.**

दरअसल महिला की हत्या का यह मामला शहर के ही सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र तरहटी मोहल्ले का है, जहां मंगलवार की रात हुए विवाद में पड़ोसियों ने मां बेटे के साथ जमकर मारपीट की जिस दौरान घायल महिला की आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई. घटना के संबंध में तरहटी स्थित पुरानी आबकारी के पास रहने वाले घायल पुत्र मोहम्मद शमशाद ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात जब वह घर पहुंचा तो, पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. इस दौरान शोर शराबा सुन उसकी मां शहरून निशा बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की.

### थाने से बिना रिपोर्ट लिखे लौटाया

पीड़ित परिवार का आरोप है कि बीती रात हुई मारपीट की घटना के बाद वह मामले की शिकायत लेकर सिटी कोतवाली थाना पहुंचे थे, लेकिन थाना प्रभारी के ना होने के कारण पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुबह आकर रिपोर्ट करने को कहा. वहीं थाने से बैरंग लौटे पीड़ित परिवार द्वारा घायल मां-बेटे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के नाम पर महज एक्सरे के बाद दर्द की गोलियां दे दी गई और सुबह होते होते महिला की मौत हो गई. फिलहाल पीड़ित परिवार ने विवाद की वजह जमीनी विवाद के चलते पुरानी रंजीत होना बताया है. वही मारपीट कर हत्या का आरोप पड़ोस में ही रहने वाले एक परिवार सहित अन्य लोगों पर लगाया है.




# अधिवक्ता पर आदिवासियों ने किया जानलेवा हमला

## जमीन विवाद से जुड़ा है मामला, राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगनरा में बीते 19 अक्टूबर की रात्रि तकरीबन 10 बजे अधिवक्ता पर आधा दर्जन आदिवासियों ने जानलेवा हमला किया। इस घटना में अधिवक्ता लहूलुहान हो गया था। इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण के चलते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। चितरंगी पुलिस ने अधिवक्ता को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है।**



जानकारी में अधिवक्ता अमरनाथ पाल पिता रामलगन पाल उम्र 35 वर्ष निवासी सगनरा ने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को मेरे परिजन दीपदान करने के लिए चित्रकूट गए हुए थे। घर पर मैं और मेरा 11 साल के बच्चे के अलावा मेरे भाई की पत्नी घर में थे। रात्रि तकरीबन 10 बजे घर के सामने बच्चे के कहने पर पटाखा फोड़ने लगा। मेरे घर के सामने मेरी ही जमीन पर जिस पर मैं न्यायालय से स्थगन आदेश लिया हूं। उसके बावजूद लोलर सिंह और रवि सिंह जबरन कब्जा कर रहा है। आकर बोलने वालों की यह वकील क्यों पटाखा फोड़ रहे हो। इतना कहते हुए हमारे ऊपर लाठी चला दी। मैं अपने आप को बचाने के लिए भागने लगा तो लोलर सिंह गोड़ और रवि सिंह गोड़ के अलावा उसके चार अन्य रिश्तेदार लाठी से मारने लगे। जहां लोलर सिंह गोड़ बका से सिर पर प्रहार किया। जिससे लहुलुहान हो गया और मैं जमीन पर गिर पड़ा। जमीन पर गिरने के बाद आधा दर्जन सरहंग मुझे छोड़कर भाग गए और मैं बेहोश हो गया। तब मेरे भाई की पत्नी ने 112 नंबर पुलिस को फोन लगाया और पुलिस आई। मुझे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया। इसके बाद जिला चिकित्सालय कर ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया। जिसके चलते जिला चिकित्सालय में मेरा उपचार चल रहा है। बीते मंगलवार को कोतवाली पुलिस के द्वारा जीरो पर कायमी की गई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296,115(2), 351(2), 3, 5 के तहत कायम किया है। अभी तक मुझे जानकारी नहीं है। हॉ इतना जरूर है कि अभी तक आरोपियों को चितरंगी पुलिस के द्वारा राजनीतिक संरक्षण के चलते गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### राजनीतिक दबाव में है पुलिस

घायल अधिवक्ता ने बताया कि चार दिन पुराना मामला है, लेकिन चितरंगी पुलिस गंभीर धाराएं नही लगाई हैं। जबकि मेरे ऊपर जानलेवा हमला हुआ है। वहीं आरोपियों का खुला चैलेंज किया जा रहा है कि जहां शिकायत करना है कर दो। क्योंकि मेरा कुछ नहीं होगा। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी कहते हैं कि राज्यमंत्री का रिश्तेदार हूँ, जो करना हो कर लो। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि बीते मंगलवार को राज्यमंत्री राधा सिंह जिला चिकित्सालय मुझसे मिलने आई थी। पूछ रही थी कि मेरा नाम क्यों लिया जा रहा है, तो मैं उनसे कहा कि लोलर सिंह गोंड़ के द्वारा यही कहा जाता है कि मैं राज्यमंत्री का रिश्तेदार हूं। मेरा कुछ नहीं होने वाला है।

### आज भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा

**सतना 22 अक्टूबर.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना ने वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गये थे। जारी आदेश के अनुसार 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा।

## गोरेलाल अध्यक्ष एवं रमेश शाह बने जिला महासचिव

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। आज दिन बुधवार को साहू समाज सिंगरौली की अहम बैठक विधायक रामनिवास शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह की विशेष मौजूदगी में हुई।**



इस अवसर पर धर्मशाला निर्माण समिति के पदाधिकारियों मनोनयन पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें गोरेलाल शाह को अध्यक्ष एवं रमेश शाह गनियारी को धर्मशाला निर्माण समिति का जिला महा सचिव बनाया गया। इस अवसर पर सीए मनोरमा शाहवाल समेत साहू समाज के प्रबुद्धजन भारी संख्या में मौजूद रहे।

## रजनिया विक्रेता ने किया 112 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी

**नवभारत न्यूज**

**सरई 22 अक्टूबर। सरई तहसील क्षेत्र के कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों में भर्राशाही का आलम है। आरोप है कि खाद्य अधिकारी के संरक्षण में क्षेत्र के कई विक्रेताओं ने व्यापक रूप से खाद्यान्नों में गोलमाल किया है।**



खाद्य वितरण में अनियमितता की सर्वाधिक शिकायते सरई तहसील क्षेत्र से ज्यादा आ रही है। शासकीय उचित मूल्य दुकान रजनिया में भी करीब 112 क्विंटल खाद्यात्र कम पाये जाने पर कलेक्टर के निर्देश पर विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार सरई तहसील क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान रजनिया में आरोप है कि विक्रेता के द्वारा व्यापक तौर पर हितग्राहियों के खाद्यात्र वितरण में हेराफेरी की जा रही है। जिसकी शिकायते मिलने पर संबंधित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सरई तहसील स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान रजनिया का तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान के स्टॉक में 111 क्विंटल 49 किलोग्राम अनाज की कमी पाई गई। स्टाक में 66 क्विंटल 16 किलोग्राम गेहूं, 45 क्विंटल चावल सहित 38 किलोग्राम शक्कर जिनकी कुल अनुमानित किमत 2 लाख 75 हजार 700 रूपये है, की हेराफेरी पाई गई। जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित उचित मूल्य दुकान के विक्रेता रामकुशल कुशवाहा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 316 (2) 316 (5) 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99